

# परेड की सलामी ली एवं कराई गई बलवा ड्रिल



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 20 दिसम्बर।** पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों की कार्यकुशलता को बेहतर करने एवं फोर्स मे अनुशासन बनाए रखने के लिये परेड महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिसके तहत समस्त इकाइयों के द्वारा मुख्यालय स्तर पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनरल परेड का आयोजन किया जाता है। परेड के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा परेड की सलामी ली जाती है एवं परेड का निरीक्षण किया जाता है।

शिवपुरी पुलिस द्वारा पुलिस परेड ग्राउण्ड मे जनरल परेड का आयोजन किया गया। परेड मे थानों एवं पुलिस लाइन से अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया, परेड की सलामी पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा ली गई। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के द्वारा परेड का निरीक्षण किया एवं परेड मे अच्छा प्रदर्शन करने एवं अच्छी वेशभूषा धारण करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को उचित पुरस्कार दिया गया। शुक्रवार की जनरल परेड मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के द्वारा एमटी शाखा के वाहनों को चैक किया गया एवं वाहनों के रखरखाव, साफसफाई के लिये के लिये निर्देश दिये हैं। परेड के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे परेड ग्राउण्ड शिवपुरी में पुलिस द्वारा बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। बलवा ड्रिल में अलग-अलग पार्टियां बनाकर उनके कार्यों के बारे मे समझाया गया। पार्टियों के द्वारा प्रदर्शन करते हुये बलवा ड्रिल को बखूबी प्रदर्शित किया एवं अचानक आने वाले खतरों के बारे मे जानकारी लेते हुये उनसे निपटने की तैयारियों को सीखा, बलवा के बाद पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधिकारियों के द्वारा बलवा उपकरणों का उपयोग किया गया एवं अश्रु गैस बंदूक के माध्यम से सेल फायर किये गये।

# बच्चों के अधिकारों की रक्षा हर व्यक्ति की जिम्मेदारी : राघवेन्द्र शर्मा



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 20 दिसम्बर।** बच्चे समाज की आधारशिला हैं, और उन्हें सुरक्षित माहौल में विकास के सभी अवसर देना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। बच्चों की अनदेखी विकास की बड़ी बाधा है। बाल विवाह, बालश्रम, बाल यौन शोषण जैसे अपराधों को मिटाने के लिए समन्वित प्रयासों की जरूरत है। यह सुझाव बाल संरक्षण अधिकारी राघवेंद्र शर्मा ने दिया। गत दिवस बाल हितैषी पंचायत निर्माण के लिए परहित समाजसेवा संस्था द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें शिवपुरी विकासखंड की 10 पंचायतों के सरपंच,सचिब एवं युवा समूह के सदस्यों ने भाग लिया। बाल संरक्षण अधिकारी राघवेंद्र शर्मा ने पंचायत सचिव और सरपंचों से कहा कि सामुदायिक विकास के लिए बच्चों और महिलाओं को केंद्र में रखकर ग्राम विकास की योजनाओं को तैयार करें। गांव में स्कूल और आंगनवाड़ी भवन होना पर्याप्त नहीं है, यह देखना भी जरूरी है कि स्कूल और आंगनवाड़ी खुलते हैं कि नहीं, बच्चे और टीचर आते हैं या नहीं। उन्होंने शिक्षा हर बच्चे का अधिकार पर जोर देकर कहा कि हर बच्चे को शिक्षा दिलाना मौलिक कर्तव्य है। शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और उसे अच्छी शिक्षा मिले, यह परिवार और समाज का मौलिक कर्तव्य है।

### बाल विवाह मुक्त होने वाली पंचायतों को मिलेगा पुरस्कार और प्रशंसा पत्र

### पंचायत को बाल हितैषी बनाएं

बाल हितैषी गांव में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो, कोई बच्चा कुपोषित और एनीमिक न हो, बाल मजदूरी, बाल विवाह एवं बाल यौन शोषण जैसे अपराधों को पूरी तरह समाप्त किया जाए। गांव में चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन तथा स्थानीय पुलिस थानों के नंबरों को सार्वजनिक स्थानों पर डिस्प्ले करें। बच्चों, अभिभावकों, टीचर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ मासिक बैठक कर मुद्दों की पहचान कर उन्हें हल करें।

## रेलवे फाटक दिन भर रहा बंद, वाहन चालक परेशान

**भिंड.** भिंड-अटेर मार्ग से आने-जाने वाले लोग शनिवार को सुबह से ही बेहद परेशान रहे. रेलवे के झांसी मंडल द्वारा रेलवे फाटक नंबर 50 को बंद कर दिया गया है. इस दौरान सीधे रास्ते से आवागमन नहीं हुआ और लोगों को वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ा. ग्वालियर-भिंड रेल लाइन पर स्थित रेलवे फाटक नंबर 50 पर ऊपर से स्टील गर्डर लगाने का काम किया जा रहा है. इसी वजह से सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक के लिए यह रेलवे फाटक पूरी तरह बंद रहा. रेल प्रशासन का कहना है कि यह कार्य लोगों की सुरक्षा और रेल संचालन को और सुरक्षित बनाने के लिए किया गया.

# छापामार कार्यवाही : अवैध शराब को लेकर अलग-अलग स्थानों पर दी दबिश

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,20दिसम्बर।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले व सीएसपी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कृपाल सिंह राठौड़ द्वारा टीम गठित की गयी। इस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर की सूचना पर से थाना क्षेत्र के अलग-अलग हॉटल ग्रीन व्यू के पास, पुराने रेल्वे स्टेशन के पास, पुरानी अनाज मण्डी, कृष्णबिहार कालोनी, तरुण मंगल हाऊस के आगे रोड पर, स्वर्ण नगर, मेडीकल कॉलेज के पास अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्यवाही करते हुये 167 देशी प्लेन मदिरा के क्वार्टर कीमती 13475रु. की जप्त किये एवं 09 आरोपियों राकेश शिवहरे पुत्र श्यामलाल शिवहरे उम्र 44 साल नि.लालमाटी, महेश शिवहरे पुत्र पीतम शिवहरे उम्र 45 साल नि.कपराना सिरसौद, अशोक शिवहरे पुत्र मनकूराम शिवहरे उम्र 56 साल नि.बछोरा शिवपुरी, बैन्दाईलाल जाटव पुत्र पूरन जाटव उम्र 28 साल नि.सिकरावदा थाना सिरसौद हाल ठकुरपुरा, रिन्कूपाल पुत्र अतर सिंह पाल उम्र 23 साल नि.नोहरीकला, वकील सिंह पुत्र रामप्रकाश रजक उम्र 31 साल नि.ठकुरपुरा स्कूल के पास, कमर सिंह धाकड पुत्र जीवनलाल धाकड़ उम्र 38 साल नि.फतेहपुर, महेन्द्र कुशवाह पुत्र रामकिशन कुशवाह उम्र 24 साल नि.बड़ी नोहरीकला, पृथवीराज जाटव पुत्र सामलदास जाटव उम्र 28 साल नि.ठकुरपुरा शिवपुरी के विरुध्द आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में थाना थाना कोतवाली निरीक्षक कृपाल सिंह राठौड, सउनि.सलीम टोप्पो, प्र.आर. भगवत चतुर्वेदी, संतोष बैस, बाबूलाल, शैतान सिंह, नंदकिशोर, रविकुमार, विपिन भदौरिया, अजेन्द्र परिहार की विशेष भूमिका रही।

# जिसके मन में धर्म उसे देवता भी करते नमस्कार : आचार्य विजय



### नेपाल से चार्तुमास कर शिवपुरी पधारे जैन साधू, समाधि मंदिर में हुआ मंगल आगमन

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 20 दिसम्बर।** धर्म का अर्थ सांसारिक व्याधियों से मुक्ति नहीं है बल्कि धर्म भवसागर से पार उतरने का एक सशक्त माध्यम हैं। अच्छे कर्म और परमात्मा का सुमरण ही हमें आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग बताता हैं। उक्त उदगार नेपाल से चार्तुमास समाप्त कर शिवपुरी पधारे प्रसिद्ध जैन आचार्य विजय हार्दिक रत्न सूरीश्वर जी महाराज ने समाधि मंदिर पर आयोजित एक विशाल धर्मसभा में व्यक्त किए। आचार्य श्री ने बताया कि 30 वर्ष वह जैन श्री संघ के साथ तीर्थ स्थल की पद यात्रा करते हुए शिवपुरी पधारे थे और उस समय की उनकी शिवपुरी के प्रति मधुर याद आज भी ताजा है। वह यहां के श्रीसंघ के अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत हैं।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य विजय हार्दिक रत्न सूरिश्वर जी महाराज ने धर्मक्षेत्र में फैली हुई कई भ्रांतियों का खण्डन करते हुए कहा कि धर्मक्षेत्र में अधिकतर लोग संसार पथ में आई बाधाओं का निराकरण करने के लिए आते हैं। यही कारण है कि वह गंगा में स्नान और देवी देवताओं की पूजा कर यह समझते हैं कि उनका सांसारिक जीवन सुखमय रहेगा। मृत्यु के बाद भी वह स्वर्ग की आकांक्षा करते हैं जबकि धर्म का लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति है। मोक्ष प्राप्ति के लिए हमें अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए। काम, क्रोध, मोह, मान, माया, राग, द्वेष, कलह, पर परिवाद, हिंसा, झूठ, चोरी, परिग्रह आदि बुराईयों से अपने आपको दूर करना चाहिए। हमेशा प्रभू का स्मरण करना चाहिए। कैसी भी परिस्थिति हो कभी भी अपने परमात्मा को नहीं भूलना चाहिए। परमात्मा का हमारे ऊपर अनंत उपकार है। उन्होंने यह भी कहा कि धर्म भले ही बिना मन से किया जाए उसका फल अवश्य मिलता है। थोड़ा भी धर्म करोगे तो जीवन परिवर्तित होगा और मोक्ष मार्ग की ओर हम अग्रसर होंगे।

### भगवान महावीर को संत सेवा से मिला तीर्थंकर पद

भगवान महावीर के तीर्थंकर बनने के पूर्व के प्रथम भव की चर्चा करते हुए आचार्य श्री ने बताया कि उस भव में भगवान महावीर नयसार नामक लकड़ हारे थे और जंगल में वह लकड़ी काटने जाते थे। लकड़ी काटते समय भूख लगने पर घर से लाई सूखी रोटी जब वह खाने बैठे तो उनके मन में विचार आया कि किसी संत को रोटी देकर वह खाना खाएें और उन्होंने वन में ढूंढकर एक संत को भोजन के लिए आमंत्रित किया और उन्हें आहार देकर तीर्थंकर पद को प्राप्त किया। आचार्य श्री ने बताया कि दान की गुणवत्ता और भावना महत्वपूर्ण होती है। संत को खीर का दान देने से ही शाली भद्र को संसार क्षेत्र में उच्चतर स्थान मिला।

### दो हजार वर्ष का जैन इतिहास लिखने वाले संतों की कर्मभूमि है

**शिवपुरी:** आचार्य श्री विजय हार्दिक रत्न सूरिश्वर जी महाराज ने अपने उदबोधन में बताया कि शिवपुरी का नाम यूं ही शिवपुरी नहीं है। शिवपुरी में आचार्य विजयधर्म सूरिश्वर जी जैसे अनेक ऐसे जैन संत पधारे हैं और उन्होंने शिवपुरी को अपनी कर्म भूमि बनाया है जिन्होंने दो हजार वर्षों का जैन इतिहास लिखकर जिन धर्म की शोभा बढ़ाई हैं। उन्होंने बताया कि पूरे भार वर्ष में 18 हजार जैन साधु साध्वियां हैं और सभी शिवपुरी से परिचित हैं। यहां आकर में अपने आपको धन्य मान रहा हूं। आचार्य श्री ठांणा पांच जैन साधु अनिल सांड के निवास स्थान से समाधि मंदिर पहुंचे जहां सकल जैन समाज ने उनका अभिनंदन किया।

# पोषण केंद्रित ग्राम विकास योजना की समन्वय बैठक आयोजित



**हितेश जैन**
**पोहरी, 20 दिसम्बर।** स्वास्थ्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ग्राम विकास योजनाओं को पोषण केंद्रित नजरिये से तैयार करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस दिशा में वैधानिक समितियों और सामुदायिक समूहों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह विचार संस्था विकास संवाद द्वारा आयोजित समन्वय बैठक सह कार्यशाला में व्यक्त किए गए। पोहरी जनपद के 25 गांवों के सामुदायिक समूहों के प्रतिनिधियों और विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों सहित कुल 66 सहभागियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वविकास संवाद के सह-समन्वयक रामकुमार विद्यार्थी ने सहरिया समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थितियों में सुधार लाने के लिए चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम समन्वयक आरती पाराशर ने समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉडल पर चर्चा करते हुए बताया कि बिना सामुदायिक भागीदारी के पोषण सुरक्षा का लक्ष्य प्राप्त करना कठिन है। जिला समन्वयक अजय यादव ने परियोजना के तहत किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिन गांवों में पोषण केंद्रित परियोजनाएं संचालित हैं, वहां समुदाय की विशेष भूमिका देखी गई है। समूहों के माध्यम से ही हम इस पहल को धरातल पर आगे बढ़ा रहे हैं। वहीं, मांगेश सोनी ने समूहों की रणनीति साझा करते हुए बताया कि हर महीने बैठक कर समुदाय की समस्याओं को हल करना और लोगों की क्षमताओं को बढ़ाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है ताकि समुदाय सशक्त और आत्मनिर्भर बन सके।

### विभागीय अधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शिरकत की और विभागीय योजनाओं को पोषण से जोड़ने पर सुझाव दिए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत पोहरी से राकेश सिंह रघुवंशी व दीपेंद्र यादव पशुपालन विभाग से संजय अहिरवार, उद्यानिकी विभाग से बीआर मित्तल और कृषि विभाग से पाटीदार जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सरकारी योजनाओं और सामुदायिक प्रयासों के समन्वय से पोषण स्तर में बड़ा सुधार लाया जा सकता है।

## 18 किमी हिस्से में बिछाई जा रही पटरी

**धार.** जिले में रेल परियोजना को लेकर कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है. धार और गुणावद के बीच रेल पटरी बिछाने का कार्य प्रगति पर है. लगभग 18 किलोमीटर के इस हिस्से में पटरी बिछाने का काम अब अंतिम दौर में पहुंच चुका है. कुछ स्थानों पर अभी पटरी नहीं बिछाई जा सकी है. इसका कारण यह है कि उन स्थानों पर रेलवे ओवरब्रिज और अंडरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते कनेक्टिविटी पूरी नहीं हो पाई है. ऐसे महत्वपूर्ण हिस्सों में अभी पुलों के निर्माण का इंतजार किया जा रहा है.

# कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में जनजागरूकता अभियान



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 20 दिसम्बर।** स्वर्गीय इंदिरा गांधी शासकीय कन्या महाविद्यालय, शिवपुरी द्वारा 'कॉलेज चलो अभियान' के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में जाकर छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. एन.के.जैन एवं नोडल अधिकारी डॉ.अनीता कैमोर के निर्देशन में नामांकित प्राध्यापकों द्वारा उन विद्यालयों में भ्रमण किया गया, जहाँ कक्षा 12वीं की परीक्षा देने वाली छात्राएँ अध्ययनरत हैं। इस दौरान छात्राओं को सत्र 2026-27 हेतु महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया, उपलब्ध विषय, करियर संभावनाएँ, नई शिक्षा नीति, छात्रवृत्ति, प्रतिभा प्रोत्साहन एवं अन्य शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डॉ. एम.एस. राठौर हैप्पी डेज स्कूल एवं डॉ. एस.एस. खंडेलवाल शा. कन्या परिसर, डॉ. पल्लवी सक्सेना एवं डॉ. रजनी कुमारी एम.एल.बी. कोर्ट रोड शिवपुरी, प्रो. मनोज जैन गर्ल्स स्कूल आदर्श नगर शिवपुरी, डॉ. प्रदीप भार्गव एवं देवेंद्र सिंह, केंद्रीय विद्यालय शिवपुरी, डॉ. एस.एस. मौर्य, डॉ. भारत सिंह जयंत, डॉ. तेज बहादुर सिंह शा. उत्कृष्ट विद्यालय क. नं. 1, डॉ. रेनू राय बाल शिक्षा निकेतन शिवपुरी सहित अन्य विद्यालयों में संपर्क किया गया साथ ही उक्त विद्यालय प्रमुख एवं छात्राओं को महाविद्यालय भ्रमण के लिए आमंत्रित किया गया। विद्यालय प्रमुखों एवं शिक्षकों का इस अभियान में सराहनीय सहयोग रहा। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक बालिकाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ना तथा उन्हें कॉलेज में प्रवेश के लिए प्रेरित करना है।

# रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन की बैठक आयोजित

### अटल जी के जन्मदिन के अवसर पर स्केनिंग कैम्प होंगें प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 20 दिसम्बर।** रोटरी अंतर्राष्ट्रीय डि. 3053 की प्रान्तपाल निशा शेखावत के नतृत्व में इस वर्ष रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन 21 मार्च से 28 मार्च तक शिवपुरी में आयोजित किया जायेगा। इस मिशन में गुना और अशोकनगर जिले के मरीजों को भी लाभ देने के उद्धेश्य से गत दिनों कलेक्टर अशोकनगर, कलेक्टर गुना के साथ भी रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी। एमआईटीएस ग्वालियर में पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य मे बैठक का आयोजन हुआ। इसमें सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अनूपराज चौपडा, नई दिल्ली से ऑन लाइन जुडे थे। बैठक में रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, सचिव प्रदीप पाराशर, उदित चतुर्वेदी, रोटरी क्लब ग्वालियर के अध्यक्ष रोहित जैन के अलावा डॉ.प्रियम्बदा भसीन, डॉ.अशोक मिश्रा भी ऑन लाइन जुडे थे। रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, सचिव प्रदीप पाराशर व मेडीकल मिशन के सोसल कोर्डीनेटर पवन जैन ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 25 दिसम्बर को भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर स्केनिंग कैम्प प्रारंभ होंगे जो कि 10 फरवरी तक चलेंगे, तत्पश्चात जिला अस्पताल स्तर के ऑपरेशन 10 फरवरी से 10 मार्च तक जिला चिकित्सालय एवं मेडीकल कॉलेज शिवपुरी व ग्वालियर में कराये जायेंगे, तत्पश्चात सुपर स्पेसलिटी डॉक्टरों का परामर्श एवं ऑपरेशन 21 मार्च से 28 मार्च तक होंगा। इस बैठक में शिवपुरी मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ. परमहंस, सीएमएचओ शिवपुरी डॉ. संजय ऋषिश्वर, शिवपुरी के डॉ. एमडी गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ बी.एल. यादव, डॉ.डीके शर्मा, दीपेश सांखला, मेडीकल मिशन के सोसल कोर्डीनेटर पवन जैन इत्यादि ने ऑन लाइन जुडकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल ने हरवीर सिंह एवं गुडडू वार्षे को भी मेडीकल मिशन में सक्रिय रूप से सम्मिलित करने का सुझाव दिया।

# लेनदेन को लेकर युवक पर धारदार हथियार से हमला, रैफर

### कैलारस क्षेत्र के रिठौनिया में हुई घटना, आरोपी फरार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 20 दिसंबर।** रूपयों के लेनदेन को लेकर कैलारस क्षेत्र के रिठौनिया में दो लोगों ने एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया है। हमला करने वाले पीड़ित के रिश्तेदार होना बताए जा रहे है।

जानकारी के अनुसार रिठौनिया निवासी सुघर सिंह यादव का ग्वालियर जिले के पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के ग्राम निरावली निवासी पंजाब सिंह यादव से रूपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को पंजाब सिंह अपने एक साथी के साथ रिठौनिया पहुंचा था। यहां जब सुघर सिंह ने उधार दिए गए रूपयों की पंजाब सिंह से मांग की तो दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर पंजाब सिंह और उसके साथी ने धारदार हथियार से सुघर सिंह पर हमला बोल दिया। हमले में सुघर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सुघर सिंह के चिल्लाने पर वहां मौजूद लोग उसे बचाने दौड़े, तब पंजाब सिंह तो वहां से भाग निकला। उसके एक साथी को ग्रामीणों ने दबोच लिया। जिसे बाद में कैलारस पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जख्मी सुघर सिंह को गंभीर हालत में कैलारस से जिला अस्पताल रैफर किया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

## 22 को होगा सबसे छोटा दिन

**उज्जैन.** खगोलीय घटना के अंतर्गत 22 दिसंबर वर्ष का सबसे छोटा दिन होगा. सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के परिभ्रमण के कारण 22 दिसंबर को सूर्य मकर रेखा पर लंबवत होगा. इसी दिन सूर्य की क्रांति 23 अंश 26 कला 15 विकला दक्षिण होगी. जिससे भारत सहित उत्तरी गोलार्ध में स्थित देश में सबसे छोटा दिन तथा सबसे बड़ी रात होगी.



# अज्ञात वाहन की टक्कर से 7 साल की बच्ची घायल

### चिन्नौनी थाना क्षेत्र में कोटरा गांव के पास हुआ हादसा

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 20 दिसंबर।** चिन्नौनी थाना क्षेत्र के कोटरा गांव में शनिवार को घर के बाहर खेल रही 7 साल की बच्ची को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राईवर वाहन को लेकर मौके से भाग निकला। जख्मी हालत में बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार कोटरा गांव में रहने वाले दुर्गालाल गुर्जर की 7 साल की पुत्री प्रिया गुर्जर शनिवार की दोपहर अपने घर के बाहर सड़क किनारे खेल रही थी। तभी सड़क से गुजर रहे किसी अज्ञात वाहन ने प्रिया को टक्कर मारकर जख्मी कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने पीछा कर वाहन को पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वे नाकाम रहे। जख्मी प्रिया को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

# समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा साहित्य : प्रमोद भार्गव



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 20 दिसम्बर।** मानव जीवन की बदलती स्थितियों मन:स्थितियों में साहित्य मनुष्य के विविध भावों भंगिमाओं को व्यक्त भी करता है और समय समय पर समाज का मार्गदर्शन भी करता है। इसलिए हर युग में साहित्य प्रासंगिक व उपयोगिता रहेगा। उक्त उद्गार श्री रामकिशन सिंघल फाउंडेशन द्वारा दुर्गा मठ में आयोजित शिवपुरी साहित्य उत्सव व सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार प्रमोद भार्गव ने व्यक्त किए। आयोजन के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार हरीश भार्गव ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी सिंहल जी की संघर्ष क्षमता अदभुत थी। वह सदैव नैतिक सामाजिक व राजनीतिक जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे।विशिष्ट अतिथि डॉ.एच.पी.जैन ने बताया कि सिंहल जी पक्के समाजवादी व सिद्धांतवादी थे। अखलाक खान के रोचक संचालन में सम्पन्न आयोजन के आरंभ में अजय जैन अविराम द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ अतिथियों ने मां वीणा वादिनी की पूजा अर्चना कर पुष्पाजंलि अर्पित की। तदुपरांत संस्था की ओर से सचिव डॉ.महेन्द्र अग्रवाल, प्रकाश चन्द्र सेठ, शिवकुमार राय ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# राज्य कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि मंडल मिला डीईओ से



### वर्ष 2023 में नियुक्त 200 शिक्षकों को नहीं मिला चार-चार माह का वेतन

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 20 दिसम्बर।** जिले में 800 से अधिक शिक्षकों कोजो गुरुजियों से प्रमोशन होकर सहायक अध्यक्ष बने हैं उन शिक्षकों का 12 वर्ष की क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिलने से शिक्षकों में भारी असंतोष हैजबकि मध्य प्रदेश के 54 जिलों के गुरुजियों को 12 वर्ष की क्मोन्नति का लाभ मिल चुका है मात्र मध्य प्रदेश में शिवपुरी जिले में करीब 800 से अधिक शिक्षकों को क्रमोन्नति लाभ नहीं मिल है तथा बैराड़ में भी 12 वर्षके बाद शिक्षकों को क्रमोन्ति लग नी थी जो अभी तक नहीं मिली है तथा शिवपुरी जिले में वर्ष 2023 में नव नियुक्त शिक्षकों को तीन से चार माह का रुका हुआ वेतन अभी तक नहीं भुगतान हुआ हैजिससे शिक्षकों को कार्यालय के चक्कर लगा लगाकर परेशान हो रहे हैं। इस संबंध में 17 दिसंबर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक राजेंद्र पिपलौदा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिले के जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव से मिला और उन्होंने शिक्षकों की 12 वर्ष की कम्मोन्ति को 8 दिवस में हल करने एवं वर्ष 2023 के शिक्षकों की समस्याओं को शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संघ की जिला संयोजक राजेंद्र पिपलोदा, संभागीय उपाध्यक्ष कौशल श्रीवास्तव, भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख फतेह सिंह गुर्जर, सहसंयोजक अरविंद सरैया, वरिष्ठ कर्मचारी नेता राजीव पुरोहित सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# राजेंद्र गुर्जर बने शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष,संगठन को मजबूत करने का संकल्प

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 20 दिसम्बर।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन के बाद प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिलों के अंतर्गत नवीन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से की गई है। इस क्रम में राजेंद्र गुर्जर को शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

नियुक्ति आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप सभी नवनियुक्त पदाधिकारी कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांतों एवं संगठनात्मक अनुशासन के तहत कार्य करते हुए संगठन को ब्लॉक स्तर पर मजबूत करेंगे। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर राजेंद्र गुर्जर ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, कार्यकर्ताओं को संगठित करने और जनसमस्याओं को मजबूती से उठाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। राजेंद्र गुर्जर की नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में शहर ब्लॉक कांग्रेस संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। नियुक्ति आदेश प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र (जीतू) पटवारी द्वारा जारी किया गया।